卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 171 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦29 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## एकजुटता से जीतेंगे हर चुनौती: मोदी

### 'मन की बात' में पीएम मोदी ने जताई वैश्विक संघर्षों पर चिंता,अफवाहों से बचने की अपील

नई दिल्ली (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर चल रहे युद्ध और संघर्ष की स्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह चुनौतीपूर्ण समय है और भारत इन परिस्थितियों का डटकर सामना करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मार्च का यह महीना वैश्विक दृष्टिकोण से अत्यंत घटनापूर्ण रहा है। उन्होंने कोरोना महामारी के कठिन दौर को याद करते हुए कहा कि दुनिया को इस संकट से उबरने के बाद एक नई शुरुआत की



उम्मीद थी, लेकिन अलग- अलग क्षेत्रों में जारी युद्ध ने नई बाधाएं खड़ी कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया, जहाँ एक करोड़ से अधिक भारतीय निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि संघर्ष के इस माहौल में खाड़ी देशों ने वहां मौजूद भारतीय परिवारों को हर संभव सहायता और सुरक्षा प्रदान की है, जो भारत के मजबूत वैश्विक संबंधों का प्रमाण है। ऊर्जा सुरक्षा पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान में जिस क्षेत्र में युद्ध चल रहा है, वह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का मुख्य केंद्र है। इस संघर्ष के कारण दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल का संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारत ने पिछले एक दशक में अपनी क्षमताओं को इतना सुदृढ़ किया है कि वह इन चुनौतियों का सामना मजबूती से कर रहा है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आगाह किया कि वे युद्ध और संकट के इस समय में अफवाहों से बचें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। उन्होंने विपक्षी दलों से भी अपील की कि वे राष्ट्रीय हितों से जुड़े इन मुद्दों पर स्वार्थ की राजनीति करने से बचें, क्योंकि यह 140 करोड़ नागरिकों (शेष पृष्ठ7 पर)

## प्रधानमंत्री के संबोधन से राज्य को मिली नई पहचान: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून के इन्द्रानगर स्थित एक निजी होटल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के



साथ प्रधानमंत्री के संबोधन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मन की बातको एक अद्वितीय जनसंवाद मंच बताते हुए कहा कि यह विश्व के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबा और प्रेरणादायी कार्यक्रम है, जो समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के असाधारण कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री अपने लगभग प्रत्येक संबोधन में (शेष पृष्ठ सात पर)

## 23 निरीक्षकों व प्रतिसार निरीक्षकों के तबादले

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रदेश की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड द्वारा पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, राज्य के विभिन्न जनपदों में तैनात 23 प्रतिसार निरीक्षकों, यातायात निरीक्षकों और दलनायकों का तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर उन्हें नई नियुक्तियां प्रदान की गई हैं। जारी सूची के अनुसार, ऊधमसिंहनगर में तैनात यातायात निरीक्षक नरेन्द्र कुमार आर्य को प्रतिसार निरीक्षक बागेश्वर बनाया गया है, जबकि ऊधमसिंहनगर में ही तैनात यातायात निरीक्षक जितेन्द्र पाठक को यातायात निरीक्षक पिथौरागढ़ के पद पर भेजा गया है। वहीं, चम्पावत में तैनात दलनायक गजेंद्र सिंह परवाल को ऊधमसिंहनगर का नया प्रतिसार निरीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त नैनीताल में तैनात यातायात निरीक्षक शिवराज सिंह बिष्ट और अल्मोड़ा से दलनायक ललित मोहन देवड़ी को भी ऊधमसिंहनगर में यातायात निरीक्षक के पद पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य महत्वपूर्ण तबादलों में देहरादून के यातायात निरीक्षक जितेन्द्र जोशी को चमोली, (शेष पृष्ठ सात पर)

## दबिश के दौरान महिला की मौत के मामले में तीन पुलिस कर्मी लाईन हाजिर

नानकमत्ता। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिद्धा में पुलिस की दबिश के दौरान धक्का मुक्की में वृद्ध महिला की मौत के मामले में थाने के एक दरोगा सहित तीन पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी है। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है। गौरतलब है कि शनिवार को कोतवाली से एक दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में आरोपी कुलदीप सिंह के घरपर दबिश (शेष पृष्ठ7 पर)



**Requirement**

Sales manager
(male/ 25-30 y)
Graduate,3 to 5 year
experience]skill
working in branded
showroom . "salary
20k to 25 k.
Crazy decor ,
Rudrapur ,9837014366

### पुलिस सुरक्षा में पहुंचा शव

नानकमत्ता। पुलिस दबिश के दौरान बुजुर्ग महिला सुखदेव कौर का पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस सुरक्षा में शव घर पर लाया भारी पुलिस फोर्स के बीच उनका अंतिम संस्कार होगा। नानकमत्ता कोतवाली निरीक्षक मंजू पांडे, एस ओजी प्रभारी उमेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ पीड़ित परिवार के घर मृतक महिला का पोस्टमार्टम करने के बाद पहुंचे। पुलिस सुरक्षा में महिला का अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम (शेष पृष्ठ 7पर)

## महावीर जयंती पर धूमधाम से निकली भव्य रथ यात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी के 2625 वे जनम कल्याणक (जयंती) यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें भगवान् महावीर के सन्देश -'जिओ और जीने दो', अहिंसा परमो धर्मः को दर्शाते भगवान् का अभिषेक, शांति धारा, पूजन किया गया। ध्वजारोहण जय भगवान जैन के द्वारा एवं रथ यात्रा का आरम्भ किया। सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य निनाद जैन व संजीब जैन को प्राप्त हुआ। रथ यात्रा का शुभारम्भ नितेश





के उपलक्ष में आज श्री 1008 आदिश्वर दिगम्बर जैन समिति द्वारा नगर में भव्य रथ हुए झांकिया भी निकाली गयी। इससे पूर्व आदिश्वर जैन मंदिर में प्रातः काल मुख्य अतिथि देवेंद्र पींचा कमांडर, 31 वाहिनी पीएसी ने दीप प्रज्वलित कर जैन द्वारा किया गय। इस अवसर पर भगवान महावीर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## कीर्तन के दौरान युवक पर धारदार हथियारों से हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अंतर्गत जगतपुरा में कीर्तन के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश और गाली-गलौज के विरोध में कुछ युवकों ने एक राय होकर पीड़ित को धारदार हथियारों और बेल्टों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जगतपुरा निवासी शिवम यादव पुत्र शिव मंगल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 26 मार्च 2026 की रात लगभग 10:40 बजे स्थानीय काली मंदिर में कीर्तन चल रहा था। उसका मौसेरा भाई सचिन यादव वहां गया था, तभी वहां पहले से मौजूद डुगलू, शोभूज, जग्गी और उनके अन्य साथियों ने सचिन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सचिन ने इसका विरोध किया, तो उक्त आरोपियों ने उस पर धारदार हथियारों, कड़ों और बेल्टों से हमला कर दिया।हमले में सचिन के सिर पर गंभीर घाव हुए हैं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। शोर मचने पर आस-पड़ोस के लोगों ने बीच- बचाव कर सचिन (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'बड़ी सियासी भूल' करने की तैयारी में 'मीना शर्मा'

### व्यक्तिगत खुन्नस को पार्टी हितों पर तरजीह देती नजर आ रहीं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री,आखिर क्यों नहीं निकल रहा मीना के मन का मलाल ?

**-अर्श-**

रुद्रपुर। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष एवं पिछले विधानसभा चुनाव में रुद्रपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस की प्रत्याशी रही मीना शर्मा के प्रबल विरोध के बावजूद रुद्रपुर के पूर्व विधायक राजकुमार ठकुराल को बीते रोज कांग्रेस में प्रवेश मिलने के बाद, मीना शर्मा द्वारा कांग्रेस पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की खबरें सोशल मीडिया में कल दोपहर से ही जमकर ट्रेंड कर रही हैं। हालांकि, पार्टी पदों से दिए गए उनके त्यागपत्र को स्वीकार करना और ना करना पूरी तरह प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का मसला है, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व द्वारा उनका त्यागपत्र अस्वीकार करने के बाद भी अगर वह कांग्रेस पार्टी छोड़ने का फैसला करती हैं, तो यह उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी सियासी भूल साबित हो सकती है। पूर्व विधायक राजकुमार ठकुराल के कांग्रेस में शामिल होने की सुगबुगाहट आरंभ होने के बाद से अब तक के संपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर डालें, तो मीना शर्मा व्यक्ति विशेष के प्रति अपनी व्यक्तिगत खुन्नस को पार्टी हितों पर तरजीह देती नजर आती हैं। वह इसलिए, क्योंकि पूर्व विधायक ठकुराल की जिस अपमानजनक ऑडियो के चलते वे इतनी खफा है, उसके लिए ठुकराल की वृद्ध मां भी मीना शर्मा के घर जाकर खेद व्यक्त कर चुकी है और मन से मलाल निकाल देने का आग्रह कर चुकी है, साथ ही राजकुमार ठकुराल भी इसके लिए सार्वजनिक रूप से कई दफा



अफसोस जता चुके हैं। इसके अलावा राज कुमार ऑडियो वायरल होने के समय कांग्रेस के सदस्य भी नहीं थे। बावजूद इसके मीना शर्मा का अड़ियल रवैया बरकरार है और एक तरह से वे सबसे बड़ी सियासी भूल करने को लगभग तैयार ही बैठी नजर आ रही हैं। जबकि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता होने के नाते उन्हें अपनी जाती अदावत को पार्टी हित में दरकिनार कर ठकुराल के कांग्रेस प्रवेश का स्वागत करके, बड़ा दिल दिखाते हुए एक मंझे हुए राजनीतिज्ञ का परिचय देना चाहिए था, क्योंकि राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस में आने के बाद कम से कम रुद्रपुर में तो कांग्रेस मजबूत होगी ही। इसलिए समर्पित एवं वरिष्ठ कांग्रेसी होने के नाते उन्हें इसका स्वागत करना चाहिए था। भले ही वह ऊपरी मन से होता। इसमें दो राय नहीं कि शर्मा परिवार पिछले 40 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सेवा करता आ रहा है, लिहाजा विरोध के बावजूद उनके विरोधी को कांग्रेस में प्रवेश मिलना तनिक दुखदाई है, लेकिन शर्मा परिवार की खिदमत के बदले में कांग्रेस पार्टी द्वारा परिवार को बहुत कुछ दिया भी तो गया है। गौर तरफ है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मीना शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष तो बनाया ही गया, साथ ही विधानसभा चुनाव की टिकट भी दी गई। इसके अलावा वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य तथा उपाध्यक्ष होने के साथ-साथ हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र की प्रभारी भी हैं। ऐसे में अगर उनकी पार्टी स्वयं को मजबूत करने के लिए कोई कदम उठाती है, (शेष पृष्ठ सात पर)

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर रेल परियोजनाओं पर की चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर उत्तराखण्ड में रेल संपर्क को सुदृढ़ बनाने और आगामी कुम्भ के बीच आरआरटीएस के सफल संचालन का उल्लेख करते हुए मेरठ से हरिद्वार एवं ऋषिकेश तक इसके विस्तार की आवश्यकता पर बल दिया।मुख्यमंत्री ने ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना की इसके अतिरिक्त हरिद्वार देहरादून रेल लाइन के दोहरीकरण, रायवाला बाई डक ब्रिज के विकास और चारधाम रेल परियोजना के अंतर्गत डोईवाला उत्तरकाशी एवं कर्णप्रयाग पीपलकोटी खंडों के सर्वे को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात नियंत्रण को प्रभावी बनाया





2027 की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने राज्य में बेहतर रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा मिल रहे सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सामरिक, भौगोलिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने दिल्ली से मेरठ प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रथम चरण का कार्य वर्ष 2026 तक पूर्ण करने का अनुरोध किया। कुमाऊँ क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने टनकपुर बागेश्वर रेल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के रूप में स्वीकृति देने तथा बागेश्वर कर्णप्रयाग रेल परियोजना के लिए फाइनल लोकेशन सर्वे की अनुमति मांगी। शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने मोहण्ड देहरादून सहारनपुर रेल लाइन परियोजना को भी प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति देने की बात कही।मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि राज्य सरकार कुम्भ 2027 को भव्य स्वरूप देने के लिए इसे डिजिटल कुम्भ के रूप में विकसित कर रही है। इसमें जाएगा। डिजिटल कुम्भ परियोजना के लिए 143.96 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्यवाही का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# खनन निदेशक राजपाल लेघा राष्ट्रीय सम्मान से नवाजे गए

नई दिल्ली/किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के खनन निदेशक राजपाल लेघा को राज्य के खनन क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधारों, पारदर्शिता और रिकॉर्ड राजस्व वृद्धि के लिए केंद्र सरकार एवं राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं द्वारा दिल्ली में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में राजपाल लेघा के नेतृत्व ने उत्तराखंड को खनन सुधारों के मामले में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में स्कॉच ग्रुप के अध्यक्ष समीर कोचर द्वारा राजपाल लेघा को उनकी निष्ठा और पारदर्शी प्रशासनिक कार्यप्रणाली के लिए इंडियाज ऑनेस्ट इंडिपेंडेंस ऑनर से सम्मानित किया गया। निदेशक राजपाल लेघा के कार्यकाल में विभाग द्वारा लागू किए गए दो प्रमुख नवाचारों ख्र एमडीटीएसएस (माइनिंग डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एंड सर्विलांस सिस्टम) और ई-रवन्ना सिक्योरिटी पेपर को राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड 2025 के



लिए चुना गया है। उनके प्रयासों से पिछले डेढ़ वर्षों में खनन राजस्व 300 करोड़ रुपये से बढ़कर 1200 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो कि लगभग चार गुना वृद्धि है। खनन सुधारों में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर केंद्र सरकार ने श्एसएएस-सीआईश योजना के तहत उत्तराखंड को 200 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी स्वीकृत की है। तकनीक के माध्यम से अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और उधम सिंह नगर जैसे प्रमुख जिलों में 40 से अधिक ई-चेक गेट स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर एएनपीआर कैमरे और आरएफआईडी रडार के जरिए 24 घंटे वाहनों की निगरानी की जा रही है। राजपाल लेघा द्वारा लागू की गई पारदर्शी खनन नीति 2023 इतनी सफल रही है कि अब हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्य भी इसे अपनाने की तैयारी कर रहे हैं। ई-रवन्ना प्रणाली और ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से मानवीय हस्तक्षेप को न्यूनतम कर भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम लगाई गई है। इन सुधारों का सकारात्मक प्रभाव राज्य की अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार पर भी स्पष्ट रूप से दिख रहा है। कुमाऊं और सितारगंज स्टोन क्रेशर एसोसिएशनों ने इन परिवर्तनों का स्वागत किया है, जिससे बंद पड़े आधे से अधिक क्रेशर पुनः शुरू हो गए हैं और लगभग 2 से 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। राजपाल लेघा को मिला यह पुरस्कार उनके कर्तव्य के प्रति अटूट निष्ठा और मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों में किए गए बेहतर सुधारों का परिणाम है, जो यह सिद्ध करता है कि ईमानदारी से किए गए कार्यों का प्रतिफल हमेशा सुखद होता है।

# श्री बालाजी धाम में धूमधाम से मनाया जाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

रुद्रपुर। शहर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजनों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्री बालाजी चौरिटेबल ट्रस्ट, रुद्रपुर के तत्वावधान में श्री बालाजी धाम (रुद्रपुर एमेघनिटी स्कूल के पास, गदरपुर रोड) पर चार दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रमों की शुरुआत में आज रविवार, 29 मार्च प्रातः 10:15 बजे से रक्तदान शिविर लगा है, जिसमें समिति के सदस्यों सहित बाबा भक्तों द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। इसके बाद मंगलवार, 31 मार्च 2026 को सायं 4:15 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन का पाठ करेंगे। श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए बुधवार, 01 अप्रैल 2026 को सायं 4:15 बजे हवन-पूजन का आयोजन होगा, जबकि समापन गुरुवार, 02 अप्रैल 2026 को सायं 4:15 बजे भव्य दरबार एवं भंडारे के साथ किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में दरबार का विशेष श्रृंगार, छप्पन भोग, फूलों का बंगला, जंपिंग झूला एवं मिकी माउस झूला शामिल हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र बनेंगे। आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा श्री बालाजी एवं श्री गुरु महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# प्राइड ऑफ हिल्स के तहत उत्तराखण्ड को केंद्र से 3460 करोड़ का आवंटन

देहरादून (उद संवाददाता)। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार द्वारा जारी राज्यों को पूंजी निवेश हेतु विशेष सहायता (एसएएस-सीआई) गाइडलाइंस में उत्तराखंड को बड़ी आर्थिक राहत और विकास के लिए मजबूत प्रोत्साहन मिला है। इस बार की गाइडलाइंस में प्राइड ऑफ हिल्स नाम से एक विशेष प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत पर्वतीय राज्यों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत उत्तराखंड को आगामी वित्तीय वर्ष में 3460 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन प्राप्त होगा, जो राज्य के बुनियादी ढांचे और समग्र विकास को नई गति प्रदान करेगा।इसके अतिरिक्त, राज्य को 765 करोड़ रुपये की धनराशि अनटाइड फंड्स के रूप में भी प्राप्त होगी। इस सहायता से राज्य सरकार को अपनी स्थानीय प्राथमिकताओं और जनहित की योजनाओं को स्वतंत्र रूप से लागू करने में बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से उत्तराखंड विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और राज्य तेजी से प्रगति की दिशा में अग्रसर है।सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा जारी विवरण के अनुसार, यह आवंटन राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए विकास कार्यों में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र से मिलने वाली इस भारी-भरकम धनराशि का उपयोग सड़क, कनेक्टिविटी और अन्य मूलभूत ढांचागत परियोजनाओं में किया जाएगा, जिससे सीमांत और पर्वतीय क्षेत्रों के निवासियों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

# मीना शर्मा ने महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को दिल्ली में कांग्रेस की सदस्यता दिलाए जाने के बाद कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मीना शर्मा ने महिला कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए स्पष्ट किया कि अब उनके लिए पार्टी में काम करना संभव नहीं है।प्रेस वार्ता के दौरान मीना शर्मा ने तीखे तेवर अपनाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ऐसे लोगों को महत्व दे रही है, जिनका ट्रैक रिकॉर्ड महिलाओं के सम्मान के अनुकूल नहीं रहा है। उन्होंने ठुकराल की कार्यशैली और पुराने विवादों का हवाला देते हुए इसे अपनी व्यक्तिगत और राजनैतिक भावनाओं के विरुद्ध बताया।



उन्होंने कहा कि जिस विचारधारा और सम्मान की लड़ाई वह लड़ती आई हैं, ठुकराल के आने से उस पर चोट पहुंची है। ऐसे माहौल में पद पर बने रहना उनके स्वाभिमान के खिलाफ है। मीना शर्मा के इस अचानक इस्तीफे से कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और असंतोष की खबरें अब सार्वजनिक हो गई हैं। गौरतलब है कि ठुकराल की ज्वाइनिंग को लेकर पार्टी का एक धड़ा पहले से ही विरोध कर रहा था, लेकिन मीना शर्मा द्वारा पद छोड़ने के ऐलान ने इस विवाद को और गहरा दिया है।

# रिश्वत लेते वन विभाग का कर्मचारी रंगे हाथ गिरफ्तार

अल्मोड़ा। भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग के एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई हल्द्वानी सेक्टर की सतर्कता टीम द्वारा की गई, जिसने सुनियोजित तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को दबोचा।प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी में दर्ज शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोपी की पहचान नवीन नौटियाल के रूप में हुई है, जो वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय जागेश्वर में बाबू/फॉरेस्टर के पद पर तैनात है।शिकायतकर्ता जय प्रकाश ने सतर्कता विभाग को सूचित किया था कि आरोपी उससे लीसा गडान-ढुलान कार्य के पंजीकरण नवीनीकरण तथा लंबित बिलों के भुगतान के नाम पर 25,500 रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है। शिकायत की पुष्टि के बाद सतर्कता टीम ने योजना बनाकर आरोपी को रिश्वत की रकम लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया।गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई से सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में एक सख्त संदेश गया है।सतर्कता अधिष्ठान ने आम जनता से अपील की है कि यदि कोई भी सरकारी कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें, ताकि ऐसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# प्रदेश में राजस्व लोक अदालतों का शुभारंभ, घर बैठे दर्ज होंगे भूमि विवाद

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत 6933 मामलों के त्वरित निस्तारण का रखा लक्ष्य

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में राजस्व लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने इस पहल को न्याय सुलभता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र की भावना का विस्तार है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राजस्व संबंधी विवाद केवल कागजी प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि इनके पीछे किसानों की भूमि, परिवारों की आजीविका एवं व्यक्तियों का आत्मसम्मान जुड़ा होता है।मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि वर्तमान में प्रदेश में 400 से अधिक राजस्व न्यायालय संचालित हैं, जिनमें लगभग 50 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि के मूल मंत्र के साथ राजस्व लोक अदालत की अभिनव पहल शुरू की है। न्याय आपके द्वार की अवधारणा को साकार करते हुए प्रदेश के सभी 13 जनपदों में 210 स्थानों पर एक साथ इन अदालतों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण में लगभग 6,933 लंबित मामलों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इन अदालतों में भूमि विवादों के अतिरिक्त आबकारी, खाद्य, स्टाम्प,



सरफेसी एक्ट, गुंडा एक्ट, सीआरपीसी, विद्युत अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम एवं रेंट कंट्रोल एक्ट से संबंधित मामलों का भी पारदर्शी निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए रेवेन्यू कोर्ट केस मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से नागरिक अब घर बैठे अपने प्रकरण दर्ज कर सकते हैं। प्रशासनिक सुधारों पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि अविवादित विरासत के मामलों में भूस्वामी की मृत्यु के पश्चात निर्धारित समयसीमा के भीतर नामांतरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एक संवेदनशील सुझाव देते हुए कहा कि मृतक की तेहरवीं या पीपलपानी तक वारिसों के नाम नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण कर नई खतौनी परिवार को उपलब्ध करा दी जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने विवादित भूमि की पैमाइश एवं कब्जों से संबंधित पुराने मामलों को एक माह के भीतर निस्तारित करने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के अनुरूप राजस्व वादों के बैकलॉग को युद्ध स्तर पर समाप्त किया जाएगा। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अगले एक माह में प्राथमिकता के आधार पर लंबित प्रकरणों को निपटाएं और भूमि से जुड़े विवादों का समाधान करें। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को समयबद्ध न्याय प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस वर्चुअल बैठक में राजस्व सचिव रंजना राजगुरु सहित शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और जनपदों से जिलाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने त्रुटिरहित और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड के निर्देशों के क्रम में शनिवार को जिला सभागार में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास द्वारा सभी उप जिलाधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों सहित समस्त टीएलएमटी, एएलएमटी, बीएलओ, सुपरवाइजरों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को पुनरीक्षण कार्य का गहन प्रशिक्षण दिया गया।उप जिला निर्वाचन अधिकारी और अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि भविष्य में त्रुटिरहित और पारदर्शी निर्वाचन नामावली तैयार की जा सके। उन्होंने बल देते हुए कहा कि यदि क्षेत्र में कार्य के दौरान कोई परेशानी न हो, इसके लिए जरूरी है कि तकनीकी बारीकियों को यहीं समझ लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी के मन में कोई शंका हो तो उसका समाधान कार्यशाला में ही कर लें। साथ ही निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई बुकलेट का गहराई से अध्ययन करने के निर्देश दिए ताकि सभी नियम और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह, अमृता शर्मा, राहुल साह, रविन्द्र जुआठा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और नगर निकाय अधिकारी भी कार्यशाला में मौजूद थे।



# जिला उद्योग केंद्र में 65 प्रतिभागियों ने उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र की बारीकियों को समझा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला उद्योग केंद्र में रैम्प योजना के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 65 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों और अधिकारियों ने प्रतिभागियों को एमएसएमई क्षेत्र, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के विविध अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नवाचार, आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। वक्ताओं ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में अपनी क्षमताओं को पहचानकर स्वरोजगार अपनाना ही सफलता की कुंजी है। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों में उद्यमिता के प्रति नई सोच विकसित करने और उन्हें अपने कौशल के अनुरूप नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार युवा तकनीकी और वित्तीय सहायता प्राप्त कर अपने उद्यम को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।इस अवसर पर संयुक्त निदेशक उद्योग दीपक मुरारी, एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर भारत सरकार के डिप्टी जनरल मैनेजर गोपाल देवीदास बेलुरकर और जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विपिन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उद्योग निदेशालय से रोहित श्रीवास्तव ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में उपस्थित युवाओं ने भी विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।



# बहुउद्देशीय जन सुविधा शिविर में सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। युवा वैश्य महासभा द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में जन सुविधा बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महापौर गजराज सिंह बिष्ट, पूर्व महापौर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, दर्जा राज्यमंत्री दिनेश आर्य और शंकर कोरंगा द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।शिविर के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। जिसमें आधार कार्ड बनवाने व संशोधन, यूसीसी विवाह पंजीकरण, आयुष्मान कार्ड, वरिष्ठ नागरिकों हेतु वय वंदना 70 पल्स कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, पैन कार्ड, ई-श्रम कार्ड जैसी सेवाओं के साथ पासपोर्ट आवेदन आदि कार्यों का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से किया गया। युवा वैश्य महासभा अध्यक्ष अतुल जायसवाल, महामंत्री कपिल अग्रहरि, कोषाध्यक्ष प्रकाश कंसल ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं का समाधान सरकारी सेवाओं का लाभ एवं योजनाओं का सीधा लाभ सरल एवं सहज तरीके से नागरिक तक पहुंच सके हमारे द्वारा यह सार्थक प्रयास किया गया है। जिसमें वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए। इस अवसर पर महापौर गजराज सिंह बिष्ट और राज्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार शंकर कोरंगा ने इस जन सुविधा बहुउद्देशीय शिविर को जनहित में किए गए इस सुंदर आयोजन की सराहना करते हुए युवा वैश्य महासभा का हार्दिक आभार किया। इस अवसर पर बिंदेश गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, गंगा जायसवाल, मन्जू वार्ष्णेय, स्नेहलता गुप्ता, अभिषेक अग्रहरि, सूर्यांस गुप्ता, विजय साहू, सीमा देवल, अर्चना मित्तल, कुसुमलता केसरवानी, राजेन्द्र जायसवाल, कन्हैया जायसवाल, अरविन्द जायसवाल, शालिनी गुप्ता, मालती केसरवानी, विजय जायसवाल, विजय गुप्ता, सुनिल गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, सागर गुप्ता, नन्हे कश्यप, विनोद जायसवाल, शुभांशु पांडे, सुमित केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।



# फरजाना बेगम ने अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाई चादर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने अजमेर शरीफ ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चादर चढ़ाई और दिल से दुआ की कि हमारे मुल्क में हमेशा अमन, चौन, और मोहब्बत कायम रहे। जिसके पश्चात वह अजमेर में स्थित पुष्कर मंदिर और गुरुद्वारे में भी गई जहां उन्होंने शीश नवाकर आर्शीवाद व प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि उनका यह एहसास और भी खास बन गया कि अलग-अलग मजहब होने के बावजूद भी सबका पैगाम एक ही है इंसानियत, मोहब्बत और आपसी सौहार्द। अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने इस खघस मौके पर अपने देवभूमि उत्तराखंड राज्य के लिए भी दुआ की कि हमारा प्रदेश तरक्की करे, खुशहाल रहे, और हर घर में सुख-शांति बनी रहे। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर सफलता की दुआ की।



# राजस्व लोक अदालत से मिलेगा त्वरित न्याय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था को अधिक सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आम जनमानस को समयबद्ध न्याय उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनता के राजस्व वादों के त्वरित समाधान के लिए सरकार ने सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि के मूल मंत्र के साथ इस अभिनव पहल की शुरुआत की है।जिलाधिकारी ने बताया कि इस लोक अदालत के अंतर्गत केवल भूमि विवाद ही नहीं, बल्कि आबकारी, खाद्य, स्टाम्प, सरफेसी एक्ट, गुंडा एक्ट, सीआरपीसी, विद्युत अधिनियम, वरिष्ठ नागरिक अधिनियम एवं रेंट कंट्रोल एक्ट से संबंधित मामलों का भी पारदर्शी निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और निष्पक्षता ही इन अदालतों की प्रमुख विशेषता है, जहाँ दोनों पक्षों को संवेदनशीलता के साथ सुनकर मौके पर ही न्याय सुनिश्चित किया जाता है।मुख्यमंत्री के विजन का उल्लेख करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विकल्प रहित संकल्प के साथ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को न्यायपूर्ण वातावरण प्रदान करने हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के क्रम में समस्त राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए ताकि लंबित प्रकरणों का बोझ कम हो सके और जनता को कचहरियों के चक्कर न काटने पड़ें।



# लापता छात्रों को पुलिस ने किया बरामद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने सराहनीय कार्यों की कड़ी में त्वरित और कुशल कार्रवाई करते हुए लापता तीन नाबालिग छात्रों को केवल तीन घंटे में रामनगर से सकुशल बरामद कर परिजनों की खुशियां लौटा दीं। यह सफलता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में श्ऑपरेशन स्माइलश और बाल सुरक्षा अभियान के तहत हासिल की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 मार्च को हल्द्वानी के एक स्कूल में पढ़ने वाले तीन छात्र स्कूल तो गए, लेकिन समय समाप्त होने के बाद घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा कई घंटे खोजबीन करने के बाद भी बच्चों का कोई पता नहीं चला। इस पर परिजनों द्वारा तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही एसएसपी नैनीताल के निर्देश पर पुलिस ने पूरे जिले में हाई अलर्ट जारी किया। सभी थाना क्षेत्रों, चेक पोस्ट और बैरियरों पर निगरानी बढ़ाई गई। बच्चों के हुलिए के आधार पर सोशल मीडिया और वायरलेस सेट के माध्यम से सूचना प्रसारित की गई। इस प्रयास में तीनों बच्चे रामनगर क्षेत्र से सकुशल बरामद हुए। पूछताछ पर बच्चों ने बताया कि वे घर से नाराज होकर गए थे। पुलिस ने बच्चों को थाने में अपने संरक्षण में लिया और सभी कानूनी औपचारिकताओं एवं आवश्यक काउंसलिंग के बाद उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया। परिजन अपने बच्चों को सुरक्षित पाकर बेहद खुश और राहत महसूस कर रहे थे।



# भव्य झांकियों के साथ सजी माता की चौकी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा दसवीं बार माता की चौकी का आयोजन किया गया।जिसमें रुद्रपुर के भजन गायक कलाकारों द्वारा माता की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान मनमोहक भजन के साथ सुंदर झांकियां व फूलों की होली भी खेली गई। अलग अलग अग्रवाल परिवारों के द्वारा सामूहिक रुप से माता को छप्पन भोग चढ़ाए गए। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज और प्रसाद वितरण किया गया। युवा समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन युवा समिति हर वर्ष माता की चौकी का आयोजन करती है जिसमें सभी अग्रवाल परिवार बढ़-चढ़कर अपना योगदान देते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेयर गजराज सिंह बिष्ट, डॉ जोगिंदर पाल रौतेला, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, महामंत्री कनव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ बंसल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल,महामंत्री मनोज अग्रवाल, अभिनव अग्रवाल, तुषार मित्तल, शोभित अग्रवाल, अतिन अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, अमित गोयल, अभिषेक गर्ग, दिव्यम अग्रवाल, डॉ पंकज अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, कोमल अग्रवाल, अर्चना मित्तल, नीतू अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, दीपिंका अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।



# नवरात्रि की दशमी पर भव्य भंडारा आयोजित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बिगवाड़ा स्थित देव ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी फेज-7 में नवरात्रि की दशमी के पावन अवसर पर माता रानी के भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक एवं पुण्य अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री एडवोकेट प्रमोद मित्तल, सांसद प्रतिनिधि डॉ. कपिल शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के बिट्टू चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, जिला कार्यालय मंत्री भाजपा मोर सिंह यादव उपस्थित रहे। इसके साथ ही देव ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी फेज-7 के पदाधिकारियों में अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पठानी, उपाध्यक्ष मनोज सैनी, सुमित कुमार कोषाध्यक्ष, व सचिव मुकुट यादव सहित सुधीर चौधरी, हेमचंद कांडपाल, संयोजक के.पी. राठी, एस.पी. यादव, के.एस. सिंघल, रोहतास पांचाल, अमित कुमार, हरीश मिश्रा, कुबेरचंद, जगदीश टम्टा, अमित मिश्रा, विपिन गुप्ता, बालकिशन यादव, प्रिंस यादव, जयंत चौधरी, क्रिस यादव आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।समिति द्वारा बताया गया कि पिछले कई वर्षों से निरंतर इस प्रकार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जो क्षेत्र में धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुका है।




गुरू
मां
Bachha
hai tu
mera..!!
Ye Le
Best Cooling
Wala AC,
Guru Maa
Electronics
Se Laaya Hun
Tere Liye!
गुरू
मां
ELECTRONICS
Guru Maa electronics
99171 61111

# उत्तराखण्ड पॉवर कारपारेशन लि.

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

**विद्युत वितरण खण्ड- किच्छा ( ऊधमसिंह नगर )-263148**
**ई-मेल :- eddkichha@gmail.com**

## विद्युत बाधित सूचना

विद्युत वितरण खण्ड किच्छा के क्षेत्रान्तर्गत सम्बन्धित 33/11 के0वी0 उपसंस्थानों में अनुबन्ध सं० 1351 एवं 1352/C (C&P-1)/41/2023-24/Package K-RDSS-EDC RDR/ Rajshayama/Supply And Erection Date 14-08-2024 के तहत के परियोजना के अन्तर्गत कार्य होना प्रस्तावित है। सारणी अनुसार निम्नलिखित तिथि को विद्युत आपूर्ति पूर्णतः / आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभाग को सहयोग करने की कृपा करें व उक्त समयावधि में वैकल्पिक व्यवस्था भी करने का कष्ट करें तथा इन्वर्टर व जनरेटर को चलाते समय ग्रिड लाईन से अलग करके ही चलायें जिससे बैंक फिडिंग के कारण किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सके।

| क्र. सं. | उपसंस्थान का नाम | प्रभावित पोषक | | तिथि | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 के०वी० उपसस्थान, लालपुर | 11 के0वी0 | झगझोर, कुरैया एवं दरऊ पोषक | 30.03 2026 | सम्बन्धित पोषक के क्षेत्रान्तर्गत समस्त पोषित होने वाले नगरीय, ग्रामीण एवं औद्योगिक पोषक | प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक |
| 2 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एव सिरोली पोषक | 31.03.2026 | | |
| 3 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, पुलभट्टा | | भंगा पोषक | | | |
| 4 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, लालपुर | | झगझोर, कुरैया एवं दरऊ पोषक | 01.04.2026 | | |
| 5 | 33/11 के०वी० उपसस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं सिरोली पोषक | 02.04.2026 | | |
| 6 | 33/11 के०वी० उपसस्थान, पुलभट्टा | | भंगा पोषक | | | |
| 7 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, लालपुर | | झगझोर, कुरैया एवं दरऊ पोषक | 03.04.2026 | | |
| 8 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एव सिरोली पोषक | 04.04.2026 | | |
| 9 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, पुलभट्टा | | भगा पोषक | | | |
| 10 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, लालपुर | | झगझोर, कुरैया एवं दरऊ पोषक | 05.04.2026 | | |
| 11 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एवं सिरोली पोषक | 06.04.2026 | | |
| 12 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, पुलभट्टा | | भंगा पोषक | | | |
| 13 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, लालपुर | | झगझोर, कुरैया एवं दरऊ पोषक | 07.04.2026 | | |
| 14 | 33/11 के०वी० उपसस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एव सिरोली पोषक | 08.04.2026 | | |
| 15 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, पुलभट्टा | | भगा पोषक | | | |
| 16 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, लालपुर | | झगझोर, कुरैया एवं दरऊ पोषक | 09.04.2026 | | |
| 17 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, किच्छा | | टाउन प्रथम, द्वितीय, तृतीय, एच सिरोली पोषक | 10.04.2026 | | |
| 18 | 33/11 के०वी० उपसस्थान, पुलभट्टा | | भंगा पोषक | | | |

Customer Care Toll Free No- 1912
"Pay Electricity Bill online 24x7 from www.upcl.org"
**राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

पत्रांक: 9096 /वि0वि0ख0-(कि0)दिनांक: 28.03.2026

**अधिशासी अभियन्ता**

# हनी ट्रैप गैंग का वांछित आरोपी गिरफ्तार

गदरपुर। थाना पुलिस को हनी ट्रैप गैंग के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 जनवरी 2026 को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक महिला ने उसे फोन के माध्यम से संपर्क कर गदरपुर बुलाया। वहां मिलने के दौरान महिला और उसके साथियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित से करीब 40,000 रुपये नकद और 95,000 रुपये ऑनलाइन वसूले तथा उसकी गाड़ी लेकर फरार हो गए। इस मामले में कोतवाली गदरपुर में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच के दौरान सामने आया कि यह एक संगठित हनी ट्रैप गैंग है, जिसमें कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दीपक नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ अन्य थानों में भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# पूर्व सभासद प्रत्याशी के पुत्र मनोज समर्थकों संग कांग्रेस में शामिल

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 की स्थानीय राजनीति में रविवार को एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। पूर्व सभासद प्रत्याशी के पुत्र और युवा नेता मनोज सुतार ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले मनोज सुतार के इस फैसले को स्थानीय समीकरणों के लिहाज से एक अहम मोड़ माना जा रहा है। मनोज सुतार लंबे समय से क्षेत्र की सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं, जिसके चलते वार्ड में उनका अच्छा जनाधार माना जाता है। कांग्रेस में शामिल होने के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और फूल-मालाओं से लाद दिया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावों में एकजुटता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। पार्टी का दामन थामने के बाद मनोज सुतार ने कहा कि वह कांग्रेस की समावेशी विचारधारा और विकासोन्मुख नीतियों से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हुए हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।



# धारानौला, खत्याड़ी, पाण्डेखोला में ई-रिक्शा संचालन की मांग

अल्मोड़ा। नगर क्षेत्र में लगातार बढ़ रही यातायात अव्यवस्था और पार्किंग की समस्या को लेकर विधायक मनोज तिवारी ने पहल करते हुए डीएम को सुझाव दिए हैं। कहा कि नगर क्षेत्र के धारानौला, खत्याड़ी और पाण्डेखोला समेत अन्य जगहों पर ई-रिक्शा का संचालन जरूरी है। विधायक तिवारी ने कहा कि अल्मोड़ा नगर क्षेत्र में बढ़ते वाहनों के दबाव के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा रही है। इसके समाधान के लिए इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा संचालन को बढ़ावा देने और पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। उन्होंने अपने पत्र में चार अहम सुझाव रखते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। जिसमें होटल शिखर तिराहे से पाण्डेखोला तक इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा का संचालन शुरू करने, खत्याड़ी से पाण्डेखोला तक भी ई-रिक्शा सेवा संचालित करने की मांग की है। वहीं, आरसीएम मॉल से सिकुड़ा बैंड तक ई-रिक्शा चलाने का प्रस्ताव भी विधायक के द्वारा दिया गया है, ताकि बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम हो सके। उन्होंने नगर के विभिन्न स्थानों पर निर्मित पार्किंग स्थलों को नियमित और व्यवस्थित रूप से संचालित करने की भी मांग की। इसके अलावा उन्होंने वहीं, घरेलू और कमर्शियल सिलेंडरों पर विधायक ने वितरण प्रणाली को पुख्ता करने की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**एकजुटता से ही जीतेंगे...**की सुरक्षा का विषय है। संबोधन के अंतिम भाग में प्रधानमंत्री ने खेल और स्वास्थ्य पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक सफलता की सराहना करते हुए कहा कि इस जीत ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रसिद्ध कंटेंट क्रिएटर युवराज दुआ के माध्यम से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। प्रधानमंत्री ने चीनी के बढ़ते सेवन पर चिंता जाहिर करते हुए सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपनी जीवनशैली में सुधार करें और स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग दें। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा देश की प्रगति और नवाचार में लगाएं।

**बड़ी सियासी भूल करने...**तो उनका पार्टी के साथ खड़े रहना तो बनता ही है। खैर, अब मीना शर्मा के इस्तीफा पर अड़े रहने और पार्टी छोड़ने के बाद के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालते हैं। सो, अगर पार्टी छोड़कर मीना शर्मा भाजपा की शरण में जाती है तो भाजपा, जो कि इस समय अपने राजनीतिक उरूज पर है, में उनके राजनीतिक वजन का आकलन उन्हें विधानसभा में प्राप्त वोटो के आधार पर ही किया जाएगा। सबसे पहले तो गुणा गणित इस बात का होगा कि उनके पास अपने ऐसे कितने वोट हैं जो वे बीजेपी को ट्रांसफर करा सकती हैं ? देखा जाए तो पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हैसियत से मीना शर्मा द्वारा प्राप्त किए गए कुल वोटो में से आधे वोट तो अल्पसंख्यक समुदाय के हैं और बाकी 50% में कांग्रेस के परंपरागत वोट तथा उन लोगों का वोट है, जो भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस को भी वोट नहीं देना चाहते पर कोई मजबूत विकल्प न होने के कारण मजबूरी में कांग्रेस को वोट दे रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं की उपरोक्त में से किसी भी श्रेणी का वोट किसी नेता के कहने से भाजपा को ट्रांसफर बेहद मुश्किल नजर आता है। इस लिहाज से मीना शर्मा को भाजपा में जाने पर वह राजनीतिक सम्मान और वजन मिलना मोटे तौर पर मुश्किल ही नजर आता है, जो कांग्रेस पार्टी में अब तक मिलने आया है। सो, राजनीति के जानकारों की निगाहें अब इस पर रहेंगी कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता मीना शर्मा एक सुलझे हुए परिपक्व राजनीतिज्ञ का परिचय देती हैं अथवा बड़ी सियासी भूल की ओर उद्धत होती हैं।

**प्रधानमंत्री के संबोधन से ...**उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सौंदर्य का स्मरण करते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा आदि कैलाश और उत्तरकाशी के हर्षिल-मुखवा क्षेत्र के भ्रमण और उनके उल्लेख का राज्य के पर्यटन पर अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान वर्ष में उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है, जिसके चलते अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक राज्य की यात्रा पर पहुंच चुके हैं। अकेले आदि कैलाश क्षेत्र में ही 36,700 से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक दस्तक दे चुके हैं। राज्य को ऑल-सीजन टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वर्ष भर पर्यटन गतिविधियों को संचालित करने के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है। सड़क संपर्क, बेहतर आवासीय व्यवस्था और डिजिटल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि पर्यटकों को सुलभ अनुभव मिल सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि होमस्टे योजना और ग्रामीण पर्यटन के माध्यम से स्थानीय लोगों की आजीविका बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर सहित अनेक जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**महावीर जयंती पर ...**के सिद्धांतो पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे सबने अपने-अपने विचार रखे। रथ यात्रा श्री 1008 आदिश्वर जैन मंदिर जी से प्रारम्भ हो कर बालाजी द्वार, अग्रसेन चौक, गाँधी पार्क, बाटा चौक, भगत सिंह चौक, अग्रवाल धर्मशाला रुद्रा कॉन्टिनेंटल होटल होते हुए जैन मंदिर पर सम्पन्न हुई । रथ यात्रा के दौरान शहर के विभिन स्थानो पर, शहर के प्रमुख संस्थानों द्वारा श्री जी को दर्शन एवं भव्य स्वागत किया गया। मंदिर में भगवान की मंगल आरती एवं अभिषेक किया गया । फिर सभी भगत जनो के भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी पुष्कर राज जैन के द्वारा की गयी थी । इस अवसर पर मेयर विकास शर्मा, प्रमोद मित्तल, अनुज कुमार जैन, जय भगवान जैन, पुष्कर राज जैन, श्याम सुन्दर जैन, सतीश जैन, आलोक जैन, अमित जैन, संजीव जैन, अशोक जैन, पार्षद चिराग कालड़ा, पियूष जैन, संचय जैन, राजेश जैन, सुभाष चंद्र जैन, डॉ रमेश चंद जैन. विपिन जैन, पारस जैन, मोहित जैन, जीतेन्द्र जैन श्रीमती उषा जैन, ज्योत्स्ना जैन, अनुराधा जैन, स्वाति जैन, रेनू जैन, सारिका जैन, रुचिका जैन, ऋचा जैन आदि हैं समाज के लोग मौजूद थे

**दबिश के दौरान ...**देने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान घर में मौजूद बुजुर्ग महिला सुखदेव कौर के साथ पुलिस कर्मियों ने धक्का मुक्की कर दी। जिससे बुजुर्ग महिला की मौके पर ही गश खाकर गिर गई। आप है कि पुलिस कर्मियों ने मानवता न दिखाते हुए बुजुर्ग महिला पर नौटंकी करने का आरोप लगाया। जिससे बुजुर्ग महिला को अस्पताल में ले जाने में भी देरी हो गई। परिजनों ने शनिवार को ही बुजुर्ग महिला के शव को थाने के सामने रखकर जमकर हंगामा काटा था। बुजुर्ग महिला की पुलिस भविष्य के दौरान मौत होने पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी समेत आसपास की कोतवाली की फोर्स पहुंच गई थी। कोतवाली के सामने शव रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को मनाने में पुलिस अधिकारियों के पसीने छूट गए। परिजनों को मनाने के लिए एसओजी प्रभारी उमेश कुमार पूर्व थानाध्यक्ष रहे है, उनको बुलाया गया। एसओजी प्रभारी उमेश कुमार के परिजनों को समझने के बाद ही मामला शांत हुआ। देर रात्रि एस एस पी ने मामले मेंकार्रवाई करते हुए कोतवाली के दरोगा सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, लोकेश तिवारी बबिता रानी को लाइन हाजिर कर दिया है। और मामले की जांच पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर को सौंपी गई है।

**23 निरीक्षकों व ...**चमोली के प्रतिसार निरीक्षक आनंद सिंह को एसडीआरएफ में शिविरपाल और हरिद्वार के सीपीयू निरीक्षक हितेश कुमार को प्रतिसार निरीक्षक रुद्रप्रयाग बनाया गया है। इसी प्रकार, अल्मोड़ा के यातायात निरीक्षक दरबान सिंह और ऊधमसिंहनगर के यातायात निरीक्षक सुनील कुमार को नैनीताल में यातायात निरीक्षक के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस महानिदेशक कार्यालय द्वारा जारी इस आदेश में सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस फेरबदल से थानों और फील्ड यूनिट्स में कार्यकुशलता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

**कीर्तन के दौरान...**की जान बचाई, अन्यथा आरोपी उसे जान से मार देते। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी सचिन को दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल सचिन को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है। क्षेत्र में इस घटना के बाद से तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

**पुलिस सुरक्षा...**किसी भी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए किए थे। बुजुर्ग महिला का शव घर पहुंचने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आईजी ने की कानून-व्यवस्था और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा

## जनपदों के पुलिस प्रभारियों को बीट पुलिसिंग को मजबूत करने और गंभीर अपराधों में प्रभावी पैरवी के दिए निर्देश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल ने शनिवार को पुलिस लाइन रुद्रपुर में परिक्षेत्रीय मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। बैठक में कुमाऊं के सभी जनपदों के पुलिस प्रभारियों के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। आईजी ने लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए वर्ष 2015 से पूर्व के एनडीपीएस मामलों और पुलिस थानों में खड़े लावारिस वाहनों के शीघ्र विधिक निस्तारण के निर्देश दिए। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने लैंड फ्रॉड और अन्य गंभीर अपराधों की विवेचना में पारदर्शिता बरतने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय के आदेश या बिना संस्तुति दर्ज अभियोगों में अंतिम रिपोर्ट की वैधानिकता की बारीकी से जांच की जाए।






ऑपरेशन स्माइल के तहत लापता व्यक्तियों की बरामदगी के लिए तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग और वांछित व इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सघन अभियान चलाने को कहा गया। साथ ही गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस के तहत अपराधियों की संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। पुलिसिंग के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए आईजी ने बीट पुलिसिंग को मुख्य स्तंभ बताया। उन्होंने बीट आरक्षियों को अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण, नागरिकों से सीधा संवाद और सत्यापन की कार्यवाही को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त श्केस ऑफिसर स्कीमश के तहत न्यायालयों में लंबित महत्वपूर्ण प्रकरणों की प्रभावी पैरवी करने को कहा गया, ताकि दोषियों को जल्द सजा मिल सके। बैठक में पीड़ित प्रतिकर योजनाओं और पुलिस कर्मियों के कल्याण से जुड़े विषयों जैसे ऑनलाइन एसीआर और चिकित्सा प्रतिपूर्ति की भी समीक्षा की गई। गोष्ठी में एसएसपी नैनीताल डॉ. मन्जूनाथ टीसी, एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति, एसएसपी अल्मोड़ा चन्द्रशेखर घोड़के, एसपी पिथौरागढ़ अक्षय प्रहलाद कोंडे, एसपी चम्पावत रेखा यादव, एसपी बागेश्वर जितेन्द्र कुमार मेहरा और एसपी अपराध ऊधमसिंहनगर जितेन्द्र सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। आईजी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए पुलिस की छवि को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु प्रेरित किया।

# श्री बाला जी धाम में बाबा भक्तों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर मार्ग पर स्थित श्री बालाजी धाम में श्री बालाजी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में बाबा भक्तों ने रक्तदान किया। इससे पूर्व शिविर का शुभारम्भ गुरू श्री हरनाम चन्द्र जी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया। रक्तदान करने वाले बाबा भक्तों में खासा उत्साह दिखाई दिया। जिनमें विजय चिलाना, नन्द किशोर शर्मा, वीरेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, यश जिन्दल, राजेन्द्र कुमार, एसपीएस नेगी, लव विश्नोई, गिरीश पाण्डे, अर्पित राजपूत, राजेन्द्र सिधर, एसकेएस नेगी, विजय अरोरा, राजो सिधर, राजेश सिंघल, मुकेश घई, पवन जिंदल, ज्योति कन्नौडिया, मोहित राजपूत, नीरज बत्रा, गुगलानी, रवि रस्तोगी, अमर पसरीचा, पवन अग्रवाल, अमन सचदेवा, मुनमुन, मानसी शर्मा, दीप्ति बब्बर, विधि सक्सेना, त्रिप्ति नेगी आदि दर्जनों बाबा भक्त शामिल थे। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग, व्यवस्थापक कैलाश जुगल किशोर बाम्बा, हर्ष जिंदल, मोहित जिंदल, आदि मौजूद रहे। ट्रस्ट अध्यक्ष विजय भूषण गर्ग ने बताया कि श्री बाला धाम की स्थापना के बाद से श्री हनुमान जयंती पर पिछले छह वर्षों से निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन कर युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अलावा समय समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पूर्णमासी पर श्री धाम में हवन किया जाता है जिसमें बाबा भक्त श्री पंचमुखी हनुमान के दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त करते हैं। श्री गर्ग ने बताया कि नवम्बर माह में श्री बाला जी धाम का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह श्री बाला जी धाम में भव्य दरबार, भंडारा व सुन्दरकांड पाठ का आयोजन होता है।







# एसपी साल्वेंट फैक्ट्री में आग लगने से हुई लाखों की क्षति

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर रोड स्थित एसपी सॉल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में शनिवार की सायं अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग से रिफाइनरी सिस्टम और अन्य मशीनें जल गई जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।अग्निशमन अधिकारी महेश चंद ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब तीन बजे सूचना मिली कि काशीपुर रोड स्थित एसपी सॉल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड में आग लग गई है। सूचना पर दो फायर टेंडरों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि फैक्ट्री के रिफाइनरी सिस्टम और अन्य मशीनों में भीषण आग लगी हुई थी। दमकल कर्मियों चालक गिरीश बिष्ट, नरेश कुमार, फायरमैन प्रकाश पांडे, दीपक बिष्ट, नवल प्रभात, सुरेश कुमार, विपिन कुमार सीमा धामी, गौरी बघरी और गंगोत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हौज पाइप और होजरील की सहायता से दोनों फायर टेंडरों से लगातार पानी की पंपिंग शुरू की। काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं फैक्टरी के कर्मचारियों ने भी राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया।



# 2027 में सभी सीटों पर खिलेगा कमल: जिंदल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी नेताओं ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में क्लीन स्वीप का दावा किया। भाजपा नेता कमल जिंदल ने राजकुमार ठुकराल की कांग्रेस में संभावित ज्वाइनिंग को लेकर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस अब पूरी तरह कमजोर हो चुकी है और उसका जहाज डूब चुका है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कांग्रेस में सवार होने वालों का भविष्य अब सुरक्षित नहीं है।कमल जिंदल ने पूर्व के घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2022 में भाजपा ने ठुकराल को नकार दिया था और निर्दलीय चुनाव लड़ने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि जनता ने भी उन्हें स्वीकार नहीं किया है। भाजपा नेताओं का मानना है कि उत्तराखंड में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यों के कारण कांग्रेस का जनाधार लगातार घट रहा है और जनता का विश्वास केवल भाजपा के साथ बना हुआ है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उधम सिंह नगर की सभी सीटों पर बम्पर वोटों से जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी।युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गेहलोत ने भी अपने संबोधन में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं के हित में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं, जिससे स्वरोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि युवा वर्ग पूरी मजबूती के साथ भाजपा के साथ खड़ा है और आगामी चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाएगा। प्रेस वार्ता में जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, कार्यालय मंत्री मोर सिंह, मीडिया संयोजक विजय तोमर व मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू मुख्य रूप से मौजूद रहे।





**Tender Souls Public School**

Ring Road. Awas Vikas Rudrapur(U. S. Nagar)
Contact No.9756497970,9012816345
Class-Pre 8 (Recognised)

**ADMISSIONS OPEN**

Passionate, dedicated and qualified teachers required for:

PRT (Primary Teacher):
- Science
- Maths
- SST

TGT (Trained Graduate Teacher):
- SST
- English
- Computer
- Maths

Salary negotiable

Administer
(Harish Kataria)


# गैस एजेंसी में फर्जीवाड़े का खुलासा, विधायक ने लगाई फटकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी मोड़ स्थित दुआ गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं के नाम पर फर्जी बुकिंग और गैस की कालाबाजारी का बड़ा मामला सामने आया है। इस फर्जीवाड़े का शिकार स्वयं क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा और उनकी धर्मपत्नी भी हुए हैं। घटना का खुलासा तब हुआ जब विधायक की पत्नी सीमा अरोरा के गैस कनेक्शन पर 18 मार्च को एजेंसी द्वारा स्वयं ही बुकिंग कर उसी दिन डिलीवरी का मैसेज भी भेज दिया गया, जबकि उनके द्वारा कोई गैस बुक नहीं की गई थी। इस सूचना पर जब विधायक शिव अरोरा स्वयं दुआ गैस एजेंसी पहुंचे, तो वहां पहले से ही बड़ी संख्या में आक्रोशित उपभोक्ता मौजूद थे। मौके पर भाजपा नेता मयंक कक्कड़ सहित दर्जनों ऐसे उपभोक्ता सामने आए जिनके साथ इसी प्रकार का फर्जीवाड़ा हुआ था। उपभोक्ता अशोक कुमार आर्य, राम किशोर, आनंद कुमार, रविंद्र कुमार, राजेश चंद्र और दया सागर जैसे अनेक लोगों के फोन पर गैस डिलीवरी के फर्जी मैसेज आ चुके थे। जब इन उपभोक्ताओं ने वास्तव में गैस बुक करने का प्रयास किया, तो उन्हें पता चला कि उनकी बुकिंग पहले ही दिखाई जा चुकी है और उनके हिस्से की गैस काला बाजारी की भेंट चढ़ चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक शिव अरोरा का पारा चढ़ गया और उन्होंने मौके पर मौजूद तहसीलदार दिनेश तथा खाद्य आपूर्ति निरीक्षक मलकित सिंह को एजेंसी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि एक ओर सरकार देश में गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर दुआ गैस एजेंसी जैसी संस्थाएं संकट के समय में गरीबों के हक की गैस की काला बाजारी कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार का कृत्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और एजेंसी का लाइसेंस सस्पेंड करने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप राव, संजय आर्य, मयंक कक्कड़, राजेश कुमार, प्रदीप यादव, हरदीप सिंह और राधेश शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# राजस्व लोक अदालत में 82 वादों का हुआ निस्तारण

गदरपुर। जनपद ऊधमसिंहनगर में लंबित राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से 28 मार्च 2026 को न्यायालय तहसीलदार गदरपुर एवं उपजिलाधिकारी न्यायालय में राजस्व लोक अदालत का आयोजन किया गया।उपजिलाधिकारी रिचा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 17 वादों का निस्तारण किया गया। इनमें धारा 176। के 7 वाद, धारा 143। के 8 वाद, धारा 54(6) का 1 वाद तथा धारा 33/39 का 1 वाद शामिल रहा।वहीं, न्यायालय तहसीलदार गदरपुर में धारा 34 एलआर एक्ट के अंतर्गत 65 वादों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया।इस प्रकार लोक अदालत में कुल 82 लंबित मामलों का निस्तारण कर वादकारियों को राहत प्रदान की गई। प्रशासन द्वारा आयोजित इस पहल से लोगों को त्वरित न्याय मिलने के साथ ही न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम हुआ है।

